मूल्य 1 रु.

वर्षः 9 - अंक : 198, मुंबई, गुरुवार, 17 अक्टूबर, 2019 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक

# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर

# नरेंद्र-देवेंद्र की जोड़ी हिट

## हम एक-एक 11: मोदी



### रेरा कानून से महाराष्ट्र के लोगों को हुआ बहुत बड़ा फायदा: मोदी

पीएम मोदी ने कहा, हमारे मत्स्य उद्योग के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। मछली पालन से जुड़े तमाम मामलों की देखरेख के लिए केंद्र सरकार में अलग से विभाग बनाया गया है। सरकार ने ये भी सुनिश्चित किया है कि मछुआरों को बैंक से आसानी से ऋण मिले और उनकी बोट का आधुनिकीकरण हो। उन्होंने कहा कि आज रेरा जैसा कानून लागू होने से ग्राहकों और घर बनाने वालों के बीच भरोसा मजबूत हुआ है। इसका बहुत बड़ा लाभ महाराष्ट्र को हुआ है। मुंबई से सटे ग्रामीण इलाकों को हुआ है। हमारी नीति स्पष्ट है कि माफिया को माफ नहीं, बल्कि माफियागिरी साफ कर दी जाएगी।

### मोदी ने लोगों से अपील की है कि जैसे दिल्ली में फिर से नरेंद्र को जिताया, वैसे ही महाराष्ट्र में देवेंद्र को जिताएं

संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के प्रचार अभियान की कमान अब पीएम मोदी के हाथ में है। बुधवार को पनवेल में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली में नरेंद्र और महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस की जोड़ी सुपरहिट है। मोदी ने आगे कहा कि आपसे अपील है कि जिस तरह नरेंद्र को फिर से बिठा दिया, महाराष्ट्र में देवेंद्र को भी उसी ताकत से दोबारा बिठाएं।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

## पालघर में 4 मंजिला इमारत गिरी

(समाचार पृष्ठ 5 पर)

शुध्द घी में बना
केसरीया मलाई घेवर
MM MITHAIWALA
MALAD (W),TEL.: 288 99 501





➤ भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष महिम वर्मा और उनके पिता श्री पी.सी.वर्मा सहित पूरे परिवार को सर्वप्रथम बधाई देने पहुंचे दैनिक मुंबई हलचल के प्रधान संपादक दिलशाद खान देहरादून स्थित उनके आवास पर पहुँच कर बधाई व शुभकामनाएं दी, दैनिक मुंबई हलचल के प्रधान संपादक दिलशाद खान के साथ जय भीम टी.वी. के चैयरमेन उदित गर्ग एवं प्रबंध संपादक नितिन गुप्ता, न्यूज वायरस नेटवर्क व न्यूज फर्स्ट टुडे समूह के समाचार संपादक मोहम्मद सलीम सैफी व समाजसेवक परवेज खान प्रमुख तौर पर मौजूद रहे।





दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### विरार में बिल्डिंग का स्लैब गिरने से चार साल की बच्ची की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के विरार इलाके में मंगलवार को एक चार मंजिला बिल्डिंग का स्लैब गिरने से चार साल की एक बच्ची की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही वसई-विरार म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (वीवीएमसी) और फायर ब्रिगेड ने बच्ची को बचाने की कोशिश भी लेकिन मलबे से बच्ची के शव को ही निकाला जा सका।

जानकारी के मुताबिक, चौथी मंजिल का स्लैब गिरने से बच्ची उसके मलबे में दब गई थी। सूचना मिलते ही वीवीएमसी और फायर ब्रिगेड के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और बच्ची की तलाश शुरू कर दी। हालांकि, बच्ची को बचाया नहीं जा सका। कहा जा रहा है कि हादसे के वक्त बच्ची तीसरी मंजिल की बालकनी में खेल रही थी।

आशंका जताई जा रही थी कि खेलते वक्त ही तीसरी मंजिल की बालकनी का हिस्सा उसी के ऊपर आ गिरा होगा। जानकारी के मुताबिक, विरार (ईस्ट) के नित्यानंद नगर में बनी यह बिल्डिंग गैरकानूनी है। घटना के बाद बिल्डिंग में रहने वाले लोगों को बाहर निकाला गया।

### देर से आया, देर से गया और खूब बरसा मॉनसून

**मुंबई।** सोमवार को आखिरकार मॉनसून मुंबई सहित राज्य के कई हिस्सों से विदा हो गया। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, पिछले 5 साल की तरह इस साल भी मॉनसून की विदाई में देरी से हुई। बता दें कि मुंबई से मॉनसून की आधिकारिक विदाई की तारीख 1 अक्टूबर है, लेकिन इस बार यह 13 दिन देरी से विदा हुआ है।

क्षेत्रीय मौसम विभाग की तरफ से जारी प्रेस रिलीज के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की विदाई सोमवार को अरब सागर के उत्तरी हिस्से सहित कोकण, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाडा और विदर्भ से हो गई। वर्तमान स्थिति मॉनसून के अन्य राज्यों से विदाई के लिए अनुकूल है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि इस बार दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की विदाई थोड़ी देरी से शुरू हुई, जिसका असर महाराष्ट्र पर भी दिखा।

#### जमकर बरसे बदरा

इस बार मॉनसून 14 दिन की देरी से मुंबई पहुंचा था। अल-नीनो का असर होने के कारण इस बार सामान्य से कम बारिश की उम्मीद जताई गई थी। हालांकि मुंबई में बारिश के अच्छे स्पेल होने के कारण कम ही समय में अधिक बारिश हुई। इस बार बारिश ने कई साल के रेकॉर्ड भी तोड़ दिए। सितंबर में पिछले 65 सालों में इतनी बारिश पहली बार हुई। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, जून से सितंबर तक इस साल सांताक्रुज में 3669 एमएम, जबकि कोलाबा में 2703 एमएम बारिश दर्ज हुई। सांताक्रुज में यह जहां सामान्य से 46 प्रतिशत अधिक है, वहीं कोलाबा में 22 प्रतिशत।

#### फिर बारिश के संकेत

मौसम विभाग के अनुसार, 17 अक्टूबर को वेस्टर्न डिस्टर्बेंस हो सकता है। मौसम का पूर्वानुमान करने वाली निजी संस्था स्काइमेट के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण मुंबई सहित महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में 17 से 20 अक्टूबर के बीच बारिश हो सकती है। स्काइमेट के प्रमुख महेश पलावत ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम से आने वाली नम हवाएं और उत्तर-पश्चिम से आने वाली शुष्क हवाओं के मिलने के संकेत मिल रहे हैं। इसके कारण बारिश करने वाले बादल बनने की प्रबल संभावना है। बता दें कि मुंबई में मॉनसून की विदाई के बाद अक्टूबर हीट की भी शुरूआत हो गई है। सोमवार को कोलाबा का अधिकतम तापमान 35.2, जबकि सांताक्रुज का 35.9 डिग्री सेल्सियस रहा।

# 24 घंटे के अंदर पीएमसी बैंक के एक और खाताधारक की हार्ट अटैक से मौत

**मुंबई।** पीएमसी बैंक के खाताधारक संजय गुलाटी की मौत को अभी 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि बैंक के एक और डिपॉजिटर की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मुंबई के मुलुंद इलाके के रहने वाले फट्टोमल पंजाबी मंगलवार बैंक के लिए घर से निकल रहे थे, तभी उन्हें दिल का दौरा पड़ा। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया। पीएमसी बैंक के खाताधारकों की प्रोटेस्ट में नियमित हिस्सा लेने वाले पंजाबी के बैंक में 8-10 लाख रुपये जमा थे।

पंजाबी मंगलवार दोपहर 12 बजे के आसपास तैयार होकर पीएमसी बैंक के लिए अपने घर से निकल रहे थे। इसी दौरान उन्हें बेचैनी



और छाती में दर्द महसूस हुआ। इसके बाद आनन-फानन उन्हें अस्पताल ले जाया गया। हॉस्पिटल पहुंचते ही डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मंगलवार की शाम को मुलुंद (वेस्ट) के एक श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

#### कई छोटे व्यापार में शामिल

पंजाबी के पड़ोसियों ने बताया कि वह कई तरह के छोटे-छोटे व्यापार में शामिल थे। वह एक केबल नेटवर्क चलाते थे। साथ ही उनकी मोबाइल की एक दुकान भी थी। उनके पास एक ऑटो रिक्शा और चार पहिया वाहन भी था। इससे वह बच्चों को स्कूल छोड़ते थे। उनके पड़ोसियों ने बताया कि पंजाबी धार्मिक किस्म के शख्स थे, जो नजदीकी गुरुद्वारे में नियमित सेवा देने जाते थे। गुरुद्वारे के सामने ही उनकी गीता इलेक्ट्रिकल्स नाम की दुकान थी।

#### प्रदर्शनों में लेते थे हिस्सा

जानकारी के मुताबिक, पंजाबी जिस कॉलोनी में रहते थे, वहां के 90 फीसदी लोगों का खाता पीएमसी बैंक में था। इसकी प्रमुख वजह थी कि बैंक कॉलोनी से काफी नजदीक था। वह अंधेरी ईस्ट पीएमसी बैंक विक्टिम ग्रुप से भी जुड़े थे। ग्रुप की ओर से आयोजित होने वाले प्रोटेस्ट में वह लगातार हिस्सा लेते रहे थे। बैंक में उनके 8-10 लाख रुपये जमा थे।

पंजाबी के परिवार में उनका एक बेटा है। उनकी बेटी की शादी हो चुकी है। इसी साल मार्च में उनकी पत्नी की भी मौत हो गई थी। गौरतलब है कि पंजाबी की मौत से पहले पीएमसी बैंक के खाताधारक ओशिवारा के रहने वाले संजय गुलाटी की भी सदमे में मौत हो गई थी। बैंक में उनके 90 लाख रुपये जमा थे।

# मुंबईः नहीं लग पाया बेटी का पता, ट्रेन के सामने कूदकर पिता ने दे दी जान

**मुंबई।** मुंबई के तिलक नगर में रविवार को एक शख्स अपनी गुमशुदा बेटी को न तलाश पाने के बाद इतना हताश हो गया कि उसने चलती ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक पंचाराम रिठाड़िया ने एक सूइसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें उन्होंने इस बात का जिक्र भी किया कि नेहरू नगर पुलिस ने उनकी एक नहीं सुनी। उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया कि बेटी के अपहरण से जुड़े पांच लोग उन्हें परेशान कर रहे हैं।

जीआरपी ने मंगलवार को पांचों के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। यही नहीं, रिठाड़िया की मौत के बाद उनके परिवार वालों ने रेलवे पुलिस के सामने सोमवार और मंगलवार को प्रदर्शन किया। रिठाड़िया जूते बनाने का काम करते थे। वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ चेंबूर की ठाकर बापा कॉलोनी में रहते थे। सात महीने पहले उनकी 17 वर्षीय बेटी लापता हो गई थी। इसके बाद रिठाड़िया ने गुमशुदगी की शिकायत 25 अप्रैल को नेहरू नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई थी। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस के मुताबिक, चूंकि लड़की नाबालिग थी, जिसकी वजह से इस मामले को अपहरण में बदल दिया गया।

रिठाड़िया परिवार का कहना है कि उनकी बेटी के लापता होने के पीछे भागचंद फुलवारिया का हाथ है। रिठाड़िया ने अपनी पत्नी को भी इस बात की जानकारी दी थी कि फुलवारिया के चार सहयोगी उसे परेशान कर रहे हैं। वह अपनी बेटी को याद कर परेशान रहते थे। रविवार को



वह फोन का रीचार्ज कराने की बात कहकर घर से निकले थे। इसके बाद जब उनके बेटे सुनील ने अपने पिता से तकरीबन 8 बजकर 30 मिनट पर संपर्क करने की कोशिश की तो रिठाड़िया ने उससे कहा कि वह आत्महत्या करने जा रहे हैं। आनन-फानन सुनील तिलक नगर स्टेशन पहुंचा। सुनील ने देखा कि ट्रैक के नजदीक भीड़ इकट्ठा थी, वहां पर उनके पिता घायल अवस्था में पड़े हुए थे।

जीआरपी रिठाड़िया को सायन अस्पताल लेकर पहुंची, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सीनियर इन्स्पेक्टर राजेंद्र पाल कहते हैं, 'उनकी जेब से एक सूइसाइड नोट मिला है और सुनील ने भी पहचान की है कि इसमें हैंडराइटिंग उनके पिता की ही है।'

# मुंबईः 27 साल बाद कातिल की मौत का पता चला

**मुंबई।** 23 जुलाई, 1992 को मुरबाड में सहार ब्रिज के पास पुलिस उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह पाटील का मर्डर हो गया था। उस केस में जिस आरोपी इसरार उर्फ अबरार उर्फ इबरार उर्फ इब्राहिम नन्हें खान की पुलिस को तलाश थी, उसके बारे में अब पता चला है कि उसकी मौत हो चुकी है।

महेंद्र सिंह कल्याण के महात्मा फुले नगर में कार्यरत थे। उन्हें उस वक्त के कुख्यात गुंडे इसरार के बारे में जब टिप मिली, तो ट्रैप लगाया। वह सामने से उसकी तलाश कर रहे थे, जबकि इसरार ने पीछे से आकर उन पर चाकू से हमला कर दिया। उनकी घटनास्थल पर मौत हो गई। चूंकि एक पुलिस अधिकारी की हत्या से जुड़ा यह मामला था, इसलिए तब के टॉप डिटेक्शन अधिकारियों मसलन कैलाश दावकरे, राजा थामट, दत्ता घुले को इसरार को ढूंढने का जिम्मा सौंपा गया। लेकिन आरोपी का कोई सुराग नहीं मिला। कुछ दिन पहले ठाणे के पुलिस कमिश्नर विवेक फणसालकर ने फिर से केस का डिटेक्शन का जिम्मा ठाणे क्राइम ब्रांच की यूनिट-वन के सीनियर इंस्पेक्टर नितिन ठाकरे व मोहन भानुसाली को सौंपा। जांच टीम ने यूपी एसटीएफ के उपाधीक्षक पी के मिश्रा की मदद ली। इसी में पुलिस उसकी दो पत्नियों तक पहुंची। उसी में पता चला कि जिस दिन राजेश खन्ना की मुंबई में मौत हुई थी, उसी दिन इसरार की भी दिल्ली में लंबी बीमारी से मृत्यु हो गई।

# नासिक से शिवसेना को बड़ा झटका

**मुंबई।** नासिक से शिवसेना को बड़ा झटका लगा है। नासिक पश्चिम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र भाजपा को देने से शिवसैनिकों में उबाल चल ही रहा था। मंगलवार को नासिक पश्चिम विधानसभा चुनाव क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार के खिलाफ विरोध जताने के लिए शिवसेना के 350 पदाधिकारियों और 35 नगरसेवकों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। इन्होंने उस चुनाव क्षेत्र से शिवसेना के बागी उम्मीदवार विलास शिंदे को समर्थन देने की घोषणा की। इस्तीफा देने से भाजपा और शिवसेना में मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक- **दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस, मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॅा सो बी-2-301, इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड, मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोनः 9619102478 /9769659975
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# पीएमसी बैंक की खाताधारक ने की खुदकुशी

## पुलिस ने बैंक संकट से इसका संबंध होने से किया इनकार

**मुंबई।** घोटाले में घिरे पंजाब ऐंड महाराष्ट्र बैंक (पीएमसी) में खाताधारक 39 वर्षीय महिला डॉक्टर ने वरसोवा इलाके में अपने घर में कथित रूप से आत्महत्या कर ली। हालांकि, एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस को नहीं लगता कि इस आत्महत्या का संबंध पीएमसी बैंक के संकट और हजारों जमाकताओं पर आई वित्तीय परेशानी से है।

बता दें कि बैंक के कुछ अधिकारियों पर फर्जी तरीके से कर्ज बांटने के लिए निजी कंपनी एचडीआईएल के साथ साठगांठ करने का आरोप है। इससे बैंक को 4,355 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। अब हजारों खाताधारक अपने पैसे निकाल पाने में असमर्थ हैं।



अधिकारी ने बताया कि वरसोवा के मॉडल टाउन इलाके में अपने पिता के साथ रह रही डॉक्टर निवेदिता बिजलानी (39) ने सोमवार रात को नींद की अधिक गोलियां खा लीं। उन्होंने कहा, ह्यआत्महत्या की वजह का पता लगाया जाना अभी बाकी है। उनका पीएमसी बैंक में खाता तो था, लेकिन हमें नहीं लगता कि इसका (मौत का) संबंध बैंक के संकट से है। उन्होंने कहा कि बिजलानी पिछले कुछ वर्षों से अवसादग्रस्त थीं और उन्होंने पिछले साल मार्च में अमेरिका में खुदकुशी करने की कथित तौर पर कोशिश की थी। अधिकारी के अनुसार वह अमेरिका में प्रैक्टिस कर रही थीं। पहली शादी से उनकी 17 साल की बेटी है, जबकि एक अमेरिकी नागरिक से दूसरी शादी से उनका डेढ़ साल का बेटा है। अधिकारी के मुताबिक, वरसोवा थाने में दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया गया है।

# उम्मीदवार की इमेज खराब करने वाले के खिलाफ मामला दर्ज

**मुंबई।** चांदिवली से कांग्रेस के उम्मीदवार नसीम खान के खिलाफ फर्जी विडियो वायरल करने के मामले में साकीनाका पुलिस ने वेंकट गोड्डल नामक व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है।

पुलिस ने उस पर रिप्रजेंटिव ऑफ पीपुल ऐक्ट की धारा 125 व आईपीसी धारा 171 के तहत मामला दर्ज किया है।

इस फर्जी विडियो की सूचना मिलने के बाद नसीम खान ने तुरंत चुनाव आयोग और साकीनाका पुलिस स्टेशन में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। चुनाव आयोग के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए साकीनाका पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी में लग गई है।

नसीम ने बताया कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए विरोधियों ने उनके इमेज को खराब करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि एक पुराने विडियो को एडिट कर उसे वायरल किया गया, जो पूरी तरह से फर्जी है।

# बार-बार नोटिस देने के बाद भी मंत्रालय में कचरे की नहीं हो रही प्रॉसेसिंग

**मुंबई।** कचरा वर्गीकरण को लेकर हाउसिंग सोसायटियों से सहयोग की उम्मीद लगाई बीएमसी को सरकारी दफ्तर से ही सहयोग नहीं मिल पा रहा है। मंत्रालय बिल्डिंग में बार-बार निर्देश के बावजूद कचरा प्रक्रिया नहीं हो रही है। बीएमसी ने 1 अक्टूबर को परिसर का दौरा करने के बाद एक बार फिर से मंत्रालय को इस संदर्भ में नोटिस भेजा है। नोटिस की कॉपी एनबीटी के पास मौजूद है।

बीएमसी ए वॉर्ड के कचरा विभाग द्वारा सार्वजनिक बांधकाम विभाग (पीडब्ल्यूडी) भेजी गई नोटिस के मुताबिक, कचरा वर्गीकरण कर गीले कचरे पर प्रक्रिया की व्यवस्था की जाए। इसकी सूचना तय समय में बीएमसी को भेजी जाए। ऐसा न करने पर माना जाएगा कि गीले कचरे पर प्रक्रिया व्यवस्था शुरू हो गई है। जिसके बाद मंत्रालय परिसर से गीला कचरा उठाना बंद कर दिया जाएगा। नोटिस में बीएमसी द्वारा इस संदर्भ में बार-बार निर्देश देने की भी बात कही गई है। साथ ही, ऐसा न कर पाने पर जुर्माना लगाकर कानूनी कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी है।

बीएमसी पिछले दो सालों से कचरे के वर्गीकरण की कोशिश कर रही है। बड़ी सोसायटियों को गीले कचरे पर प्रक्रिया करने को कहा जा रहा है। लेकिन, बार-बार समन्वय के बावजूद हजारों सोसायटियां ऐसा नहीं कर रही हैं। हालांकि, कई परिसर में गीले कचरे पर प्रक्रिया शुरू की गई है। गीले कचरे पर प्रक्रिया न करने वाली बड़ी सोसायटियों पर जुर्माना लगाने के साथ ही कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है।



क्यों है जरूरी

पूरे मुंबई से कचरा देवनार और कांजुरमार्ग डंपिंग ग्राउंड में भेजा जाता है। हर दिन करीब 7,200 मैट्रिक टन के कचरे के बोझ से डंपिंग ग्राउंड भरते जा रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा जारी नए नियमों के मुताबिक, हर किसी को कचरा वर्गीकरण करना जरूरी है और बड़े उत्पादकों को गीले कचरे पर खुद ही प्रक्रिया करनी है। सूखे कचरे को रीसाइकलर के पास भेजने की योजना है जबकि गीले कचरे पर प्रक्रिया कर खाद बनाने को कहा जा रहा है। इसके जरिए डंपिंग ग्राउंड का भार कम करने की तैयारी है। ए वॉर्ड के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सामान्य प्रक्रिया के तहत मंत्रालय में कचरा प्रक्रिया को लेकर नोटिस भेजा गया है।

# लोगों की भागीदारी और तकनीक से शासन करने का तरीका बदला- नड्डा

मुंबई। भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पीएम मोदी ने आम लोगों की भागीदारी और तकनीक की मदद से शासन प्रक्रिया को बहुत ही योजनाबद्ध तरीके से लागू किया है और इसके परिणाम भी अच्छे मिले हैं। भाजपा ने सुशासन की अवधारणा को बहुत सोच समझकर अपनाया है। नड्डा ने कहा कि मन की बात जैसे कार्यक्रम से नरेंद्र मोदी ने सामान्य जनता से सीधा संवाद शुरू किया।

मंगलवार नड्डा वसंतराव नाईक चव्हाण सेंटर में प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने सामान्य जनता को सरकारी निर्णय प्रक्रिया में शामिल करने के लिए माईगव डॉट इन नाम की वेबसाइट शुरू की। कोई भी सामान्य व्यक्ति किसी विषय पर



अपनी राय सरकार को दे सकता है। इस पोर्टल के माध्यम से आप अपनी राय, सुझावों को सीधे प्रधानमंत्री को सूचित कर सकते हैं। केंद्र सरकार ने इस पोर्टल पर दिए गए कई सुझावों पर ध्यान दिया है। कई लोग इस पोर्टल पर शिकायत करते हैं। इस पोर्टल के माध्यम से कई शिकायतों का समाधान किया गया है। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे, मीडिया विभाग के राष्ट्रीय सह संयोजक संजय मयुख, प्रदेश सचिव संजय उपाध्याय, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ल, प्रदेश कोषाध्यक्ष शायना एनसी और प्रवक्ता श्वेता शालिनी व अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ल ने किया।

भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पिछले पांच साल में महाराष्ट्र की छवि बदल दी है। वसंतराव नाईक के बाद देवेंद्र पांच साल का कार्यकाल पूरा करने वाले दूसरे मुख्यमंत्री हैं। सभी के साथ न्याय, स्थिरता लाकर उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम किया। ऐसे में उन्हें एक और मौका मिलना चाहिए। नड्डा ने कहा कि पीएम मोदी ने साधन संपन्न लोगों से गैस सब्सिडी छोड़ने का आव्हान किया। इसके बाद एक करोड़ से अधिक लोगों ने गैस सब्सिडी छोड़ दी। कई वरिष्ठ नागरिकों ने रेलवे यात्रा में मिलने वाली सुविधाओं को छोड़ दिया।

# मेट्रो भवन के खिलाफ एकजुट हुए पर्यावरणप्रेमी

**मुंबई।** दुग्ध विभाग की तरफ से मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डिवेलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) को आरे में मेट्रो भवन निर्माण के लिए अनुमति मिलने के बाद पर्यावरणप्रेमी एकजुट होकर इसका विरोध कर रहे हैं। पर्यावरणप्रेमियों के अनुसार, एमएमआरडीए की तरफ से आरे में प्रस्तावित 32 मंजिला इमारत की शुरूआत के लिए हाल ही में वहां की मिट्टी का टेस्ट किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पर्यावरणप्रेमियों ने प्रशासन को पत्र लिखकर अनुमति को तत्काल कैंसल करने की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार, आरे कॉलोनी के तहत 2 हेक्टेयर में मेट्रो भवन बनाया जाना है। चूंकि आरे कॉलोनी दुग्ध विभाग के तहत आती है, ऐसे में पर्यावरणप्रेमी जोरू बाथेना ने आरे मिल्क कॉलोनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नाथु राठौड़ को पत्र लिखकर भवन निर्माण की अनुमति को निरस्त कराने की मांग की है। जोरू ने बताया कि जिस जगह पर मेट्रो भवन का निर्माण होना है, वह 'ईको सेंसिटिव जोन' में है, जहां किसी भी तरह का निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता। एक बार आरे कॉलोनी में इस तरह का कंस्ट्रक्शन शुरू होने के बाद वहां और भी दूसरे कंस्ट्रक्शन होने लगेंगे। सूत्रों की मानें तो भवन निर्माण के लिए फिर से 70 से अधिक पेड़ काटे जा सकते हैं। आरे के पेड़ों को बचाने के लिए हाई कोर्ट में याचिका दायर करने वाले स्टेलिन डी ने कहा कि प्रशासन मनमाने तरीके से आरे में कंस्ट्रक्शन का कार्य शुरू कर रहा है। हम इसके खिलाफ पूरी लड़ाई लड़ेंगे। बता दें कि आरे कॉलोनी में बनाए जा रहे मेट्रो कारशेड का मामला अभी ठंडा नहीं हुआ है, जबकि मेट्रो भवन को लेकर एक बार फिर से आरे विवादों में आ गया है। पर्यावरणप्रेमी जोरू बाथेना ने कहा कि आरे हरित क्षेत्र है और इस पर फैसला लेने का अधिकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के साथ ही 'ईको सेंसटिव जोन कमिटी' को भी है। इस कमिटी का मुखिया बीएमसी कमिश्नर है। ऐसे में आरे कॉलोनी के सीईओ को इस मुद्दे पर फैसला लेने का कोई हक नहीं है। अगर वह जल्द से जल्द परमिशन को निरस्त नहीं करते हैं तो हम आगे शिकायत करेंगे। इस बारे में जब एनबीटी ने नाथू राठौड़ से बात की तो उन्होंने कहा कि हमने अनुमति नहीं दी है। एमएमआरडीए को भवन बनाने के लिए जो जगह आवंटित हुई है, वहां काम के दौरान पर्यावरण प्रभावित न हो, इसके लिए निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन दबाव में वह फैसले भी ले रहा है, जिसका उसे अधिकार नहीं है। अगर मेट्रो भवन निर्माण के लिए दी गई अनुमति वापस नहीं होती है तो हम आगे शिकायत करेंगे।

# विधानसभा चुनावः मुंबई कांग्रेस उपाध्यक्ष चित्रसेन ने पार्टी छोड़ी

## टिकट बंटवारे और आर्टिकल 370 पर थे नाराज, चर्चा है कि सिंह जल्द ही भाजपा का दामन थाम सकते हैं



**मुंबई।** चुनाव से ठीक पहले मुंबई कांग्रेस को फिर एक बाद बड़ा झटका लगा है। पार्टी के मुंबई उपाध्यक्ष चित्रसेन सिंह ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता समेत सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। चर्चा है कि सिंह जल्द ही भाजपा का दामन थाम सकते हैं। चित्रसेन सिंह मंगलवार को कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और मुंबई अध्यक्ष एकनाथ गायकवाड़ को इस्तीफा भेज दिया है। वह पिछले 30 साल से मुंबई कांग्रेस में रहे। इस्तीफे के बाद चित्रसेन सिंह ने कांग्रेस पर उत्तर भारतीयों को उम्मीदवारी न दिए जाने के आरोप लगाए। इसके अलावा आर्टिकल 370 के प्रावधानों को हटाए जाने के विरोध को पार्टी की सबसे बड़ी गलती बताया। बता दें कि मुंबई कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संजय निरूपम भी इसी तरह का आरोप पार्टी के खिलाफ लगा चुके हैं। इस्तीफा देने के बाद चित्रसेन सिंह ने कहा पार्टी नेतृत्वविहीन हो गई है। इसका कोई माई-बाप ही नहीं रहा, किससे फरियाद करें। विधानसभा चुनाव में उत्तर भारतीयों को उम्मीदवारी मिलनी चाहिए थी, लेकिन पार्टी ने नहीं दी। कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने को पूरा देश समर्थन कर रहा है और कांग्रेस है कि विरोध कर रही है, जो बहुत बड़ी गलती है। पार्टी की इस विचारधारा से मैं व्यथित हूं, इसलिए पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे रहा हूं।

# आदित्य ठाकरे के समर्थन में उतरे संजय दत्त

**संवाददाता**

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त ने विधानसभा चुनावों में आदित्य ठाकरे और शिवसेना का समर्थन करने की बात कही है। एक वीडियो संदेश जारी कर दत्त ने आदित्य ठाकरे को राजानीति का उभरता हुआ सितारा कहा है। संजय दत्त ने शिवसेना के दिवंगत नेता बाला साहब ठाकरे को भी याद किया है। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे उनके बुरे दौर में बाला साहब ठाकरे ने उनका साथ दिया। बता दें कि संजय दत्त के पिता और पूर्व सांसद सुनील दत्त और उनकी बहन प्रिया दत्त कांग्रेस से जुड़ी रही हैं। इससे पहले संजय दत्त समाजवादी पार्टी के साथ



भी जुड़ चुके हैं। आदित्य ठाकरे मेरे लिए मेरे छोटा भाई जैसे हैं, वे बाला साहब ठाकरे जी के परिवार से हैं, जिन्होंने मेरा इतना सपोर्ट किया, मेरी फैमिली को इतना सपोर्ट किया, जिसे मैं कभी भूल नहीं सकता। वह मेरे पिता समान थे। उद्धव भाई भी मेरे लिए वैसे ही हैं, आदित्य के लिए मैं दिल से चाहता हूं कि वह जीतें, क्योंकि हमें डायनेमिक यंग लीडर्स की जरूरत है। संजय दत्त हाल ही में निमार्ता के रूप में अपनी पहली फिल्म 'प्रस्थानम' रिलीज कर चुके हैं। इस फिल्म में वह लीड रोल में भी नजर आए थे। वह जल्द ही अर्जुन कपूर स्टारर फिल्म 'पानीपत' में नजर आने वाले हैं।

**राजनीतिक पारी फिर से शुरू करने की योजनाः** महाराष्ट्र चुनाव में संजय दत्त कई नेताओं से मुलाकात कर चुके हैं। हाल ही में उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की थी। हालांकि, संजय दत्त किसी राजनीतिक पार्टी से जुड़ने की बात नकार भी चुके हैं। इससे पहले महाराष्ट्र के सत्तारूढ़ गठबंधन के सहयोगी राष्ट्रीय समाज पक्ष (आरएसपी) के प्रमुख और राज्य मंत्री महादेव जानकर ने दावा किया था कि संजय दत्त उनकी पार्टी में शामिल होंगे।

(पृष्ठ 1 का शेष)

## नरेंद्र-देवेंद्र की जोड़ी हिट

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस की दावेदारी का समर्थन करते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा, मैं आपसे निवेदन करने आया हूं कि दिल्ली में आपने नरेंद्र को दोबारा बिठा दिया, अब महाराष्ट्र में देवेंद्र को भी उसी ताकत से दोबारा बिठाएं। दिल्ली में नरेंद्र और मुंबई में देवेंद्र, यह फॉर्मूला बीते पांच साल में सुपर हिट रहा है। आने वाले वर्षों में यह महाराष्ट्र को विकास के नए आयाम पर पहुंचाने वाला है। मोदी ने आगे कहा, आप यह भी मान लीजिए कि देवेंद्र और नरेंद्र जब साथ खड़े होते हैं तो वन प्लस वन टू नहीं होता है, नरेंद्र और देवेंद्र जब साथ खड़े होते हैं तो 11 हो जाता है। यह वह सूत्र है, जो महाराष्ट्र के विकास के डबल इंजन को 11 गुना शक्ति दे रहा है। 21 अक्टूबर को वोट देते समय आपको इसी डबल शक्ति को ध्यान में रखना है। एनसीपी के प्रफुल्ल पटेल के परिवार और दाऊद इब्राहिम के करीबी रहे इकबाल मिर्ची की लैंड डील को लेकर एनसीपी पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा, 2014 के पहले अंडरवर्ल्ड और रियल एस्टेट के बिल्डर माफिया के बीच रिश्ते होते थे। जो चीजें हुईं, उनके दाग एनसीपी और कांग्रेस के नेता आज तक नहीं धो पाए हैं। पीएम मोदी ने कहा, केंद्र और महाराष्ट्र में बीजेपी की महायुति (महागठबंधन) की सरकार ने अपना दायित्व निभाने का प्रयास किया है। लोकसभा चुनाव के परिणामों से और अब पनवेल सहित महाराष्ट्र के मूड से ये स्पष्ट है कि हम सही दिशा में हैं, उचित गति से चल रहे हैं। मोदी ने आगे कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा अपनी चरम पर पहुंच रही है। आज भारत बड़ी से बड़ी चुनौती से टक्कर ले रहा है। नए भारत कि निर्माण का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, भारत के नागरिक सुरक्षित हों, सम्मान से जिएं और संपन्नता आपके चरणों में हो, यही लक्ष्य नए भारत का है। भारत को महान राष्ट्र बनाने में महाराष्ट्र का महायोगदान रहा है। नए भारत का निर्माण भी नव महाराष्ट्र का योगदान अहम रहने वाला है।

# पालघर में 4 मंजिला इमारत गिरी

## एक बच्ची की मौत और 4 लोग घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पालघर में मंगलवार रात गिरी एक चार मंजिला इमारत के मलबे में दबने से छह वर्षीय बच्ची की मौत हो गई है। राहत और बचाव कार्य बुधवार सुबह पूरी तरह से खत्म कर दिया गया। बताया जा रहा है कि यह इमारत अवैध थी। राहत और बचाव कार्य के लिए नगर निगम, पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं। मरने वाली बच्ची की नाम भूमि पाटील बताया जा



रहा है। इस घटना में 4-5 लोग घायल भी हुए हैं। सभी को पास के सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। घटना स्थल पर विरार पुलिस के जवान पहुंचे जिससे राहत और बचाव का काम तेज हो गया। पिछले महीने मुंबई के उपनगरीय इलाके खार में एक रिहायशी इमारत के एक हिस्से के गिरने से 10 साल की एक नाबालिग लड़की की मौत हो गई और दो अन्य महिलाएं घायल हो गईं।

## आधार बढ़ाने के लिए शिवसेना को आदित्य पर भरोसा

**मुंबई।** शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के पुत्र आदित्य ठाकरे के चुनाव में हिस्सा लेने से मुंबई की वर्ली सीट काफी चर्चित हो गयी है और सभी नजरें अब युवा सेना प्रमुख पर टिकी हैं। आदित्य अपने परिवार के पहले ऐसे सदस्य हैं जो चुनाव लड़ रहे हैं। अगर युवा सेना के नेता अगले सप्ताह होने जा रहे राज्य विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करते हैं तो यह कोई चौंकाने वाली बात नहीं होगी। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि चुनाव में मतों की संख्या और जीत का अंतर अधिक मायने रखेगा क्योंकि इस सीट को उनके पिता के नेतृत्व वाली पार्टी का गढ़ माना जाता है। आदित्य ठाकरे (29) राकांपा उम्मीदवार एवं दलित नेता सुरेश माने के खिलाफ चुनाव मैदान में हैं। अगर राज्य में भाजपा-शिवसेना गठबंधन सत्ता में आता है तो पार्टी उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाना चाहती है। शिवसेना उम्मीदवार जहां रोड शो, पैदल मार्च और आरे कॉलोनी में पेड़ों की कटाई और मुंबई में रात्रि जीवन जैसे मुद्दों को उठाकर राजनीति में पहचान बनाने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं राकांपा का कहना है कि उसके उम्मीदवार स्थानीय मुद्दों से अधिक वाकिफ हैं क्योंकि वे वर्ली से आते हैं और इसे शिवसेना का गढ़ नहीं कहा जा सकता है।



# समाचार विशेष

मुंबई, गुरुवार, 17 अक्टूबर 2019



दैनिक मुंबई हलचल अब हर सच होगा उजागर 7

# महाराष्ट्र की वो सीट...

## ...जहां एक-दूसरे के खिलाफ प्रचार में उतरे फडणवीस और ठाकरे



फडणवीस ने कणकवली सीट पर नितेश राणे के पक्ष में प्रचार किया और उनकी जीत का दावा किया। फडणवीस के इस रुख के बाद उद्धव ठाकरे ने भी अपना प्लान बदल दिया। ठाकरे भी कणकवली में शिवसेना प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार में उतर रहे हैं। हालांकि, पहले उनका यहां जाने का प्लान नहीं था।

**संवाददाता**

**महाराष्ट्र** विधानसभा चुनाव में सबसे दिलचस्प लड़ाई कणकवली सीट पर देखने को मिल रही है। टिकट बंटवारे पर लंबी खींचतान के बाद अब प्रचार में भी कणकवली भारतीय जनता पार्टी और उसकी सहयोगी शिवसेना के बीच टकराव की वजह बन गई है। हालात ये हो गए हैं कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे यहां अलग-अलग उम्मीदवारों के लिए वोट की अपील कर रहे हैं। दरअसल, कणकवली विधानसभा सीट से बीजेपी ने नारायण राणे के बेटे नितेश राणे को टिकट दिया है। बीजेपी की सहयोगी शिवसेना लगातार नितेश राणे के टिकट का विरोध कर रही थी, बावजूद इसके बीजेपी ने राणे को उतार दिया। बीजेपी के इस फैसले को शिवसेना ने स्वीकार नहीं किया और राणे के सामने अपना प्रत्याशी खड़ा कर दिया। यानी गठबंधन होने के बावजूद कणकवली सीट पर बीजेपी और शिवसेना के अपने-अपने प्रत्याशी अलग चुनाव लड़ रहे हैं।

**फडणवीस ने किया नितेश राणे की जीत का दावा:** मंगलवार को मुख्यमंत्री फडणवीस ने नितेश राणे के पक्ष में प्रचार किया और उनकी जीत का दावा किया। फडणवीस के इस रुख के बाद उद्धव ठाकरे ने भी अपना प्लान बदल दिया है। ठाकरे भी कणकवली में शिवसेना प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार में उतर रहे हैं। हालांकि, पहले उनका यहां जाने का प्लान नहीं था।

**क्यों आमने-सामने आ गए फडणवीस और ठाकरे?:** इस पूरी सियासी तस्वीर के पीछे उद्धव ठाकरे और नितेश राणे के पिता नारायण राणे की पुरानी अदावत मानी जाती है। बाला साहब ठाकरे के वक्त में नारायण राणे शिवसेना का ही हिस्सा हुआ करते थे, लेकिन 2005 में वो शिवसेना से अलग हो गए और इसके बाद राणे ने उद्धव ठाकरे का खुलकर विरोध किया था। तब से ही दोनों नेताओं के बीच सियासी खींचतान चली आ रही है।

## नारायण राणे ने बीजेपी में किया पार्टी का विलय

पूर्व मुख्यमंत्री नारायण राणे शिवसेना से अलग होकर कांग्रेस के साथ चले गए थे और इसके बाद 2017 में उन्होंने कांग्रेस भी छोड़ दी थी। कांग्रेस के बाद नारायण राणे ने महाराष्ट्र स्वाभिमान पार्टी (एमएसपी) नाम की अपनी पार्टी बनाई थी, जिसका मंगलवार (15 अक्टूबर) को बीजेपी में विलय कर दिया। इस विलय कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने की, जो नितेश राणे के विधानसभा क्षेत्र कणकवली में आयोजित किया गया था। नितेश राणे के क्षेत्र में ही फडणवीस ने उनकी जीत का दावा किया, जिसके बाद उद्धव ठाकरे ने इस क्षेत्र में उतरने का ऐलान कर दिया। कणकवली सीट पर बीजेपी के नितेश राणे के सामने शिवसेना ने सतीश सावंत को टिकट दिया है। यहां 21 अक्टूबर को मतदान होना है और रिजल्ट 24 अक्टूबर को आएगा।

**महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव**



## भिवंडी की 14 ग्राम पंचायतें करेंगी चुनाव का बहिष्कार



**महाराष्ट्र** के भिवंडी जिले में तालुका की 14 ग्राम पंचायतों के मतदाताओं ने विधानसभा चुनाव के बहिष्कार का निर्णय लिया है। वजह, टोरेंट पावर कंपनी की मनमानी, राज्य सरकार की ओर से बालू के उत्खनन पर प्रतिबंध और बुलेट ट्रेन का विरोध है। बता दें कि टोरेंट पावर का ग्रामीण इलाके के लोग पहले से ही विरोध कर रहे हैं। भिवंडी मनपा एवं लोकसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कंपनी की मनमानी पर अंकुश लगाने का आश्वासन दिया था, लेकिन वह झूठा साबित हुआ। इसकी बजाय फर्जी बिल, फास्ट मीटर और विजिलेंस की मनमानी की शिकायतें बढ़ गईं। विरोध में वडूनवघर स्थित साईं बाबा मंदिर में ग्रामीणों ने एक बैठक की। बैठक में टोरेंट कंपनी, भूमिपुत्रों के पारंपरिक बालू के व्यवसाय, ईंट व्यवसाय, सुप्रीम इंफ्रास्ट्रक्चर के घटिया सड़क निर्माण, बुलेट ट्रेन और समृद्धि महामार्ग के लिए अधिगृहीत की जा रही खेती की जमीन, इको जोन एवं अलीबाग कॉरिडोर सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इस बैठक में पायेगांव, कारीवली, कालवर, अंजुर, दिवे अंजुर, मालवाडी, खारबांव, वडघर, भरवडी, मानकोली, केवनी, केवनी दिवे, ओवली एवं ब्राह्मणपत्र के किसान शामिल थे।

## बीजेपी-शिवसेना सरकार में 90 फीसदी बढ़ी मॉब लिंचिंग की घटनाएं: ओवैसी



ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने मॉब लिंचिंग को लेकर बीजेपी-शिवसेना पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि बीजेपी-शिवसेना सरकार के दौरान मॉब लिंचिंग की घटनाएं 90 फीसदी बढ़ी है। ओवैसी ने आरोप लगाया है कि महाराष्ट्र में बीजेपी-शिवसेना सरकार के कार्यकाल में मॉब लिंचिंग की घटनाओं में 90 फीसदी इजाफा हुआ है। महाराष्ट्र के मझगांव बायकुला में ओवैसी ने कहा कि हमें किसी की उदरता की जरूरत नहीं है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) हमें दिखाना चाहता है कि हम इस देश में हिस्सेदार नहीं किरायेदार हैं। नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटीजन (एनआरसी) पर असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि इसके लिए कांग्रेस जिम्मेदार है। केंद्र सरकार ने एनआरसी पर 6000 करोड़ खर्च किए और केवल 19 लाख अवैध लोग पाए गए, जिनमें बहुत कम मुस्लिम हैं। अब वे नागरिक संशोधन बिल के बारे में बात कर रहे हैं। वे पूरे देश में लागू करना चाहते हैं। हाल ही में हैदराबाद के सांसद ओवैसी ने मॉब लिंचिंग पर दिए मोहन भागवत के बयान पर भी निशाना साधा था। ओवैसी ने कहा था कि जिस विचारधारा ने महात्मा गांधी और तबरेज की हत्या की, उससे ज्यादा भारत की बदनामी नहीं हो सकती। ओवैसी ने कहा, 'मोहन भागवत लिंचिंग की घटनाओं पर रोक लगाने की बात नहीं कह रहे हैं, बल्कि वो ये कह रहे हैं कि इसे लिंचिंग न कहा जाए।

## नोखा के उत्तम को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार





**नोखा** के युवा उत्तम माहेश्वरी को फिल्म उद्योग में उत्कृष्टता और योगदान के लिए सबसे कम उम्र के सिनेप्रूनर और इवेंटप्रेनर की श्रेणी में दादा साहेब फाल्के आइकन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार समारोह मुंबई के बांद्रा में आयोजित किया जाता है। जहां कई बॉलीवुड सेलिब्रिटी, मीडिया टाइकून, राजनीतिज्ञ और सोशलाइट मौजूद थे। उत्तम ने इससे पहले कई अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय पुरस्कार जीते है। उत्तम वर्तमान में एक बायोपिक फिल्म के साथ-साथ मेगा बजट पिरीऑडिक फिल्म पटकथा की पर काम कर रहे हैं।

## केन्ट ने कॉम्पैक्ट प्यूरीफायर 'हेल्थ प्लस' लॉन्च किया

**केन्ट** आरओ सिस्टम्स लिमिटेड प्रमुख आरओ वाटर प्यूरीफायर ब्रांड केन्ट आरओ सिस्टम्स लिमिटेड ने एक और सफल टेक्नोलॉजी उत्पाद 'हेल्थ प्लस' लॉन्च करके शुद्धता के स्तर को बढ़ाया है जो पीने के लिए 24 घंटे शुद्ध पानी की उपलब्धता को सुनिश्चित करता है। हेल्थ प्लस एक विशेष रूप से डिजाइन किया गया कॉम्पैक्ट फिल्टर हैए जो सिंक और वॉशबेसिन के नीचे आसानी से फिट हो जाता हैए यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपको अपने दैनिक कामों में उपयोग किए जाने वाले 24 घंटे 7गुणा बैक्टीरिया फ्री पानी मिलेगा। इस पानी से यूजर्स चेहरा धोना, हाथ धोना, ब्रश करना, नल के नीचे सब्जियों और फलों को धोना आदि के काम कर सकते हैं। हेल्थ प्लस को लॉन्च करने के मौके पर प्रतिक्रिया देते हुए डॉ. महेश गुप्ता चेयरमैन केन्ट आरओ सिस्टम्स लिमिटेड ने कहा कि केन्ट इनोवेशंस में विश्वास करता है। इनोवेशंस जो मानवता की बेहतरी के लिए हैं और हमें स्वस्थ और चुस्त.दुरुस्त रखते हैं और हमें हाउस ऑफ प्योरिटी केंट हेल्थ प्लस से एक और पूरी तरह से आधुनिक और नया उत्पाद पेश करने की खुशी हैए जो आगे सुनिश्चित करता हैए हम प्रदूषित पानी से पूरी तरह से दूर रहें। केन्ट हेल्थ प्लस के साथ हम पानी की शुद्धता को अगले स्तर तक ले जाना चाहते थे जहां आपके पीने के पानी के अलावा आपको अपने वाश बेसिन और सिंक




में 24 घंटे बैक्टीरिया फ्री पानी मिलेगा। केन्ट हेल्थ प्लस के साथ आप पानी में पैदा होने वाली हर तरह की बीमारियों से अपने आप को सुरक्षित रख सकते हैं और इसे सिर्फ ३४५० रुपये की उपयुक्त दर पर उपलब्ध करवाया गया है। ये नया उत्पाद केन्ट आरओ की वेबसाइट www.kent.co.in के माध्यम से उपलब्ध है। इसके अलावा ये पूरे भारत में प्रमुख रिटेल आउटलेट्स पर भी उपलब्ध है।

## सारस्वत को-ऑपरेटिव बैंक ने 'सारस्वत बैंक 100+ स्मार्ट सेविंग्स अकाउंट एप' लॉन्च किया

**सारस्वत** बैंक 100+ मोबाइल एप द्वारा बचत खाता खोलने वाली सारस्तव बैंक सहकार क्षेत्र की पहली बैंक बन गयी है। स्मार्ट सेविंग्स अकाउंट एप के यूजर फ्रेंडली इंटरफेस के साथ सिर्फ कुछ मिनटों में बचत खाता खोला जा सकता है। उपयोगकर्ताओं को अपना पसंदीदा खाता क्रमांक चुनने की अतिरिक्त सुविधा भी इस एप द्वारा दी गई है। सारस्वत बैंक 100+ एक बहुभाषी (अंग्रेजी/हिंदी/मराठी) मोबाइल एप है जिससे आवदेनकर्ता आसान, कागज रहित और सुरक्षित तरीके से अपना बचत खाता खोल सकेंगे।

सारस्वत बैंक 100+ ऐप्लिकेशन आधार क्रमांक ओटीपी प्रमाणीकरण के माध्यम से नया बचत खाता खोलने की अनुमति देता है। खाता आवेदक के यूआईडीएआई में पंजीकृत नाम, पते, लिंग और जन्म तारीख के आधार पर खोला जाता है। जो उपयोगकर्ता इस अकाउंट में डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) की सेवा लेना चाहते हैं, वे ही इस सेवा के माध्यम से खाता खोल सकते हैं। केवाईसी की अंतिम औपचारिकताएं उपयोगकर्ता द्वारा चुनी हुई शाखाओं में जाकर पूरी की जा सकती हैं अथवा बैंक का अधिकारी उपयोगकर्ता के घर जाकर टैब बैंकिंग द्वारा इन्हें पूरा कर सकते हैं। यह एप वर्तमान में गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। कोई भी वयस्क भारतीय नागरिक मोबाइल के माध्यम से कहीं से भी अपना पसंदीदा खाता क्रमांक चुनकर नया खाता खोल सकते हैं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# बाबर की गलतियों पर प्रायश्चित करे मुस्लिम समाज-विनय कटियार

**लखनऊ।** अयोध्या जमीन विवाद की सुनवाई आखिरी दौर में है। बुधवार को सुनवाई पूरी जाएगी। राम मंदिर आंदोलन से राष्ट्रीय नेता के तौर पर उभरने वाले भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेता और बजरंग दल के संस्थापक विनय कटियार इन दिनों अयोध्या के परिदृश्य से बाहर हैं। विनय कटियार का कहना है कि वकील अपना काम कर रहे हैं। एनबीटी ऑनलाइन ने विनय कटियार से बात की तो उन्होंने कहा कि अब वक्त है कि बाबर ने जो गलतियां की हैं, उनका मुस्लिम समाज प्रायश्चित करे। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ने बहुत ऐतिहासिक काम किया है। पूरी पीठ को इस चीज के लिए बधाई।



हमारे बहुत से मंदिर तोड़े गए हैं। कई मंदिर तो औरंगजेब ने तोड़े हैं। काशी के अंदर भी तोड़ा है, मथुरा के अंदर भी तोड़ा है, जिनके आज भी चिह्न विद्यमान हैं। अयोध्या विवाद पर सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई से आप दूर हैं? इसके जवाब में विनय कटियार ने कहा, 'नहीं, हम किसी वजह से दूर नहीं हैं। हम तो बस आराम से बैठे हैं। वकीलों का काम है और वे अपना काम कर रहे हैं। इसके लिए कोई झंझट नहीं है। एक कॉमन बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ने बहुत ऐतिहासिक काम किया है। पूरी पीठ को इस चीज के लिए बहुत बधाई। वह रोज सुनवाई कर रहे हैं। ईमानदारी से अपना काम किया जा रहा है। जल्दी से जल्दी पीठ निर्णय करना चाहती है। यदि यह निर्णय हो गया तो अपने आपमें ऐतिहासिक काम हो जाएगा। यह मामला जो इतने वर्षों से लटका हुआ है, उसके कई पक्षकार मर चुके हैं, फिर उनके परिवार के लोग पक्षकार बने हैं। अब बस इंतजार है कि निर्णय आ जाए, जिसके आधार पर विचार किया जाएगा।'

विनय कटियार ने कहा, 'मुस्लिम पक्ष निराश है, हताश है। अब समय भी है कि बाबर ने जो गलती की है, उसका मुस्लिम समाज प्रायश्चित करे। वे इस बात को मान लें कि बाबर एक आक्रमणकारी था। हमारे बहुत से मंदिर तोड़े गए हैं। कई मंदिर तो औरंगजेब ने तोड़े हैं। काशी के अंदर भी तोड़ा है, मथुरा के अंदर भी तोड़ा है, जिनके आज भी चिह्न विद्यमान हैं। हमारे जो मंदिर ऐतिहासिक थे, शक्ति का केंद्र थे, उन्हें तोड़ने का काम किया गया। आज हिंदू समाज ने काशी के अंदर भी अलग मंदिर बना दिया है, मथुरा के अंदर भी निर्माण करा दिया है। इन तीन स्थानों को छोड़ने की जरूरत नहीं है। बाकी, जो होगा तो फिर लड़ाई लड़ी जाएगी।'

# गुजरात में डेंगू का कहर, 4919 मरीज



**अहमदाबाद।** राज्य में बरसात का आखिरी दौर दस्तक दे रहा है। वहीं जलजनित बीमारियों का जाल फैला हुआ है। गुजरात में घर-घर मरीज पाये गये हैं। राज्य में डेंगू का कहर यथावत है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार राज्य में 4919 मरीज डेंगू से परेशान हैं। वहीं मलेरिया का आंकड़ा 1.12 लाख तक पहुंच गया है। इसके अतिरिक्त जहरी मलेरिया, चिकनगुनिया, डिप्थेरिया तथा पीलिया के मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। राज्य जलजनित बीमारियों के शिकंजे में है। ऐसे हालात में स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है।

इस बार गुजरात में अभी तक कुल 145 प्रतिशत बरसात हुई है। इससे पेयजल की समस्या हल हो गयी है। परन्तु जगह-जगह जल भराव के कारण जलजनित रोगों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। राज्य में मलेरिया, बुखार, डेंगू, पीलिया, चिकनगुनिया, डिप्थेरिया सहित कई बीमारियां बड़ी तादाद में लोगों को अपने शिकंजे में ले लिया है। सितम्बर महीने के अंतिम सप्ताह की रपट के अनुसार पीलिया में 2.6 प्रतिशत, मलेरिया में चार प्रतिशत, डेंग्यू में 3.5 प्रतिशत, चिकनगुनिया में 36 प्रतिशत, डिप्थेरिया में 50 प्रतिशत और जहरीमलेरिया में 6.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अब जब बीमारियां बेकाबू हैं तब प्रशासन ने इसका संज्ञान लिया है।

# दिल्ली से करतारपुर साहिब जाने वालों का पूरा खर्च उठा सकती है दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली।** श्री गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व पर दिल्ली से करतारपुर साहिब जाने वाले लोगों का पूरा इंतजाम दिल्ली सरकार कर सकती है। इसमें करतारपुर साहिब जाने के लिए ऑनलाइन अप्लाई करने से लेकर पाकिस्तान द्वारा वसूली जाने वाली परमिट फीस (जो करीब 1600 रुपये है) भी दिल्ली सरकार भर सकती है। इसके लिए जल्द ही कैबिनेट मीटिंग बुलाई गई है, जिसके बाद फैसला लिया जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक, मंगलवार को डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया से पंजाबी अकैडमी के वाइस चेयरमैन और पूर्व विधायक जरनैल सिंह समेत कई विधायकों ने मुलाकात की। मीटिंग के दौरान डिप्टी सीएम की ओर से यह प्रस्ताव रखा गया कि इस ऐतिहासिक मौके पर दिल्ली सरकार ज्यादा से ज्यादा लोगों को दिल्ली से करतारपुर साहिब के दर्शन करा सके। ऐसे में ऑनलाइन परमिशन और 1600 रुपये की परमिट फीस दिल्ली सरकार भरे, जिससे लोगों को किसी भी तरह की दिक्कत न आ सके। इस पर चर्चा करने के बाद इस प्रस्ताव को दिल्ली कैबिनेट में लाया जाएगा, जिसके बाद जल्द ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इसका ऐलान कर सकते हैं। जानकारी के मुताबिक इस मीटिंग में फैसला लिया गया है कि गुरु नानक डिजिटल म्यूजियम, दिल्ली हाट जनकपुरी में बनाया जाएगा। औपचारिक ऐलान सीएम ही करेंगे। इसके लिए दिल्ली हाट में दो टावर चुने गए हैं, जहां यह म्यूजियम बनेगा। सूत्रों का कहना है कि दिल्ली सरकार ने श्री गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व को बड़े स्तर पर मनाने जा रही है। इसी को देखते हुए लोगों को हर सुविधा देने के लिए दिल्ली सरकार पूरा खर्च उठा सकती है। वहीं, करतारपुर साहिब जाने के लिए बस और रेल का सफर करने वालों का इंतजाम भी दिल्ली सरकार कर सकती है। दिल्ली से फ्री बसें चलाई जाएंगी और जिन्हें ट्रेन में जाना है, उसका भी पूरा प्रबंध किया जाएगा।

# दिल्ली प्रदूषणः एनएएसए का धुआं बनाम एसएएफएआर की धूल पर सियासी तकरार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में खराब होती हवा की वजहों को लेकर केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच तकरार शुरू हो गई है। जहां ईपीसीए और केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने राजधानी में मौजूदा पलूशन के पीछे पराली के धुएं को मुख्य वजह मानने से इनकार किया है, वहीं दिल्ली सरकार का कहना है कि चार महीने तक अच्छी रही हवा पंजाब, हरियाणा और यूपी में पराली जलाने के कारण ही खराब हुई है।

केंद्र ने एसएएफएआर और दूसरे मॉनिटरिंग डेटा को आधार बनाकर कहा है कि पलूशन के पीछे लोकल डस्ट और वेस्ट बर्निंग जिम्मेदार हैं, जबकि दिल्ली सरकार ने अमेरिकी स्पेस एजेंसी ठअरअ की ताजा तस्वीरों को आधार बनाकर देश के उत्तरी राज्यों से उठ रहे धुएं पर निशाना साधा है।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री कैलाश गहलोत ने मंगलवार को केंद्रीय पर्यावरण मंत्री को पत्र लिखकर उन रिपोर्टों को खारिज किया कि पराली जलाने के चलते पीएम 2.5 पर सिर्फ 2-8 % असर हुआ है। उन्होंने केंद्र से मांग की है कि वह इसे पुष्ट करने के लिए बीते एक हफ्ते का



डेली एसएएफएआर डेटा सौंपे। मंत्री ने कहा, 'हम मानते रहे हैं कि इस पलूशन की असली वजह पराली है, लेकिन हमें पता चला है कि एसएएफएआर के तहत ऐसी तकनीक है जो दिल्ली में पराली जलने से पीएम 2.5 पर असर का प्रतिशत मापती है। ऐसे में हमें ये आकंड़े मुहैया कराएं ताकि हम जरूरी उपाय और रणनीति मे बदलाव कर सकें।'

दिल्ली सरकार ने मंगलवार शाम को नासा के ताजा सैटलाइट इमेज जारी करते हुए कहा कि पंजाब और हरियाणा में बड़े पैमाने पर फसल जलाई जा रही है, जिससे दिल्ली में धुंध पैदा हो रही है। तस्वीरों में पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी यूपी के ऊपर धुएं का गुबार दिख रहा था।

वहीं ईपीसीए मेंबर सुनीता नारायण ने भी मंगलवार को यह कहकर इस खींचतान को हवा दी कि मौजूदा प्रदूषण के पीछे स्थानीय धूल और रबड़-प्लास्टिक जलाने की गतिविधियां सबसे बड़ी वजह हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि बायोमास जलाने से ज्यादा से ज्यादा 10% प्रदूषण हो सकता है। उन्होंने इसके लिए यूपी, हरियाणा और दिल्ली में अवैध गोदामों को भी निशाने पर लिया। सुनीता ने कहा, 'हरियाणा के बहादुरगढ़ और दिल्ली के टिकरी कलां जैसे इलाकों में 2-2 एकड़ में अवैध गोदाम हैं, जो ऐसा कचरा जलाते हैं, जिन्हें रिसाइकल नहीं किया जा सकता। ऐसी कई अवैध यूनिटें भी चल रही हैं जो ऐसा कचरा जलाने का काम करती हैं।' सुनीता ने कहा कि पराली जलाने से भी पलूशन हो रहा है, इससे इनकार नहीं किया जा सकता लेकिन 90% प्रदूषण के पीछे स्थानीय धूल और वेस्ट बर्निंग जिम्मेदार है।

# प्रधानमंत्री आवास के लिए 'गरीब' बन गए पार्षद और कर्मचारी




**लखनऊ।** पीएम आवास के नाम पर नगर पंचायतों के कर्मचारियों, अधिकारियों और सभासदों की मनमानी खूब देखने को मिली है। एनबीटी ने पड़ताल में पाया कि दर्जनों वार्डों में पीएम आवास के नाम पर खेल हुआ है। पीएम आवास के लिए पार्षद और कर्मचारी गरीब बन गए और फर्जी तरीके से आवास हथियाए। 5 अक्टूबर के अंक में एनबीटी ने खबर प्रकाशित की थी कि किस तरह सरोजनीनगर के अंधपुर गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से खुलेआम 200 से लेकर 20 हजार रुपये तक घूस मांगी जा रही थी।

इसके बाद एनबीटी की टीम ने सरोजनी नगर के अलावा अन्य नगर पंचायतों में रियलिटी चेक किया, जिसमें चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई। नगर पंचायत के कर्मचारियों और सभासदों ने अपने बेटे, बेटियों, भाइयों, पत्नी और देवर के नाम पर पीएम आवास के ढाई-ढाई लाख रुपये ले लिए, जबकि असल लाभार्थियों के नाम सूची तक पहुंच ही न सके।

काकोरी नगर पंचायत में रहने वाले परागी लाल कश्यप दृष्टिहीन हैं। 300 वर्गफुट की जमीन पर तिरपाल के सहारे गुजर बसर कर रहे हैं। सभासद से लेकर नगर पंचायत के अधिकारियों तक दर्जनों बार गुहार लगा चुके हैं, लेकिन आज तक उनका नाम योजना के लाभार्थियों की सूची में नहीं आ पाया।

इसी पंचायत के वॉर्ड-5 में रहने वाले राम सहाय भूमिहीन किसान हैं। कच्चा मकान है, लेकिन उन्हें आज तक पीएम आवास नहीं मिला। वॉर्ड-6 में रहने वाले चुन्ना ने पूरी बारिश कच्चे मकान को त्रिपाल से ढक कर काटी, लेकिन उन्हें पीएम आवास योजना के लायक नहीं माना गया। चुन्ना का परिवार मजदूरी करता है। इसी वॉर्ड के मेवालाल, मिश्रीलाल के घर भी मिट्टी के हैं और पीएम आवास उनके लिए सपना है।

# प्यार का शहर है मांडू, अभी है घूमने का बेस्ट टाइम

मांडू मध्य प्रदेश का एक ऐतिहासिक और बेहद सुंदर टूरिस्ट प्लेस है। इसका पुराना नाम मांडवगढ़ है। यह विंध्याचल की पहाड़ियों की ऊंचाई पर स्थित है। अपने स्वर्णिम काल में इस जगह को खुशियों का शहर भी कहा जाता था। मांडू की सैर के लिए जुलाई से मार्च का समय बेहतर होता है। मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग तो खासतौर पर मॉनसून में यात्रियों को लुभाने के लिए कई तरीकों से प्रचार करता है। यहां जानें, मांडू से जुड़ी कुछ रोचक बातें...

**मांडू में देखने के लिए है बहुत कुछ**

मांडू पहाड़ों और चट्टानों का क्षेत्र है। यहां सदियों पुरानी ऐतिहासिक इमारतें, हमें उस जमाने की गाथा सुनाती हैं। इनमें रानी रूपमति का महल, हिंडोला महल, अशरफी महल और जहाज महल खास हैं। यहां आप वर्ष 1472 में स्थापिक की गई भगवान सुपार्श्वनाथ की प्रतिमा और मंदिर के भी दर्शन कर सकते हैं। मांडू एक प्रमुख जैन तीर्थ भी है। यहां नीलकंठ महल भी है।

**रूपमती महल**

रानी रूपमती बादशाह बाज बहादुर की पत्नी थीं। रानी मां नर्मदा के दर्शन के बाद ही अन्न और जल ग्रहण करती थीं। कहते हैं कि रानी की इस भक्ति का सम्मान करते हुए बाज बहादुर ने रूपमति महल को इस तरह निर्मित कराया, जहां से रानी जब चाहे तब मां नर्मदा के दर्शन कर सकें।

**जुलाई से मार्च है मांडू घूमने का बेस्ट टाइम**

**किलो का शहर**



मांडू को दुनिया का सबसे बड़ा किलों का शहर भी कहा जाता है। यहां राजा और रानी का महल इस तरह बना है कि राजा और रानी अपने-अपने महल की प्राचीर पर खड़े होकर एक-दूसरे को देख सकते थे। मांडू शहर चारों तरफ से किले की मजबूत चारदिवारी से घिरा है और बीच में एक से बढ़कर एक नायाब वास्तुकला के नमूने देखने को मिलेंगे।

**स्नानागार है बेहद सुंदर**

किले और महल की खूबसूरती के साथ ही यहां का स्नानागार इतना सुंदर और भव्य बना है कि आपने शायद ही पहले कभी किसी महल में इतना भव्य स्नानागार और कुंड देखा हो। रानी रूपमती बेहद सुंदर राजपूत राजकुमारी थीं और बहुत अच्छी गायिका भी थीं। उनके गायन और रूप पर मोहित होकर बाज बहादुर ने उनसे विवाह किया और उनके लिए कई इमारतों का निर्माण कराया। उनके प्यार की गर्माहट आप आज भी माडूं में महसूस कर सकते हैं।

## पुलिसवाले के कंधे पर बैठा बंदर, फिर भी काम में है तल्लीन, वीडियो हुआ वायरल

इंटरनेट की दुनिया में कई तरह के वीडियो और फोटो वायरल हो जाते हैं, जो सोशल मीडिया में पसंद और नापसंद किए जाते हैं। ट्विटर पर इन दिनों 53 मिनट का एक क्लिप वायरल हो रहा है, जिसमें एक बंदर एक पुलिसकर्मी के कंधे पर बैठा हुआ है और उसके सिर से जुएं निकाल रहा है। वहीं, वह पुलिसकर्मी अपने काम में व्यस्त दिख रहा है। यह वीडियो उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के एक पुलिस स्टेशन का है।

वीडियो में दिख रहा है कि पुलिसकर्मी कुछ फाइलों को खंगाल रहा है और बंदर से कहता है कि अब उतरो, जाना है उसे, चलो उतरो भाई, उतरो भाइया, उतरो। इस वीडियो को अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक राहुल श्रीवास्तव ने अपने ट्विटर अकाउंट से शेयर किया है। उन्होंने वीडियो शेयर करते हुए लिखा है कि पीलीभीत के इन इन्स्पेक्टर साहब का अनुभव ये बताता है कि यदि आप काम करने में व्यवधान नहीं चाहते हैं तो रीठा, शिकाकाई या अच्छा शैम्पू इस्तेमाल करें।

इस वीडियो में कुछ पुलिसकर्मी उस बंदर को इन्स्पेक्टर के कंधे से उतारने के तरकीबों के बारे में बातें करते हैं। उनमें से एक पुलिकर्मी कहता है कि बंदर को केले दिखा दो, वह वहां से हट जाएगा। दूसरा पुलिसकर्मी कहता है कि यह सारे बाल साफ कर देगा।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
संतान की चिंता रहेगी। थोड़े प्रयास से अधिक लाभ होगा। भागदौड़ रहेगी। शत्रु भय रहेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। धनार्जन होगा।

**वृष**
शुभ समाचार मिलेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। विवाद से बचें। सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा।

**मिथुन**
भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। यात्रा सफल रहेगी। प्रेम-प्रसंग अनुकूल रहेंगे।

**कर्क**
फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। थकान रहेगी।

**सिंह**
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी।

**कन्या**
नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पुराना रोग उभर सकता है।

**तुला**
पूजा-पाठ में मन लगेगा। सत्संग का लाभ मिलेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

**वृश्चिक**
चोट, चोरी व विवाद से हानि संभव है। उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। मानसिक अशांति बढ़ेगी।

**धनु**
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कुसगंति से बचें। राजकीय बाधा दूर होगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें।

**मकर**
भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। उन्नति होगी। घर में तनाव संभव है। जीवनसाथी की चिंता रहेगी।

**कुंभ**
स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु परास्त होंगे। लाभ होगा।

**मीन**
व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। अशुभ सूचना मिल सकती है। मानसिक अशांति बढ़ेगी। विवाद से क्लेश संभव है।

## गुरुद्वारा बंगला साहिब में सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगा बैन

भारत में सिखों से सबसे बड़े तीर्थस्थलों में से एक दिल्ली स्थित गुरुद्वारा बंगला साहिब में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह से रोक लगा दिया गया है। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी ने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है। यह फैसला दिल्ली के 11 और गुरुद्वारा परिसरों में भी लागू होगा। जानकारी के अनुसार, इन सभी गुरुद्वारों के भीतर सभी प्रकार की प्लास्टिक वस्तुओं का उपयोग पूरी तरह से बंद हो जाएगे।

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो, गुरुद्वारा परिसर के भीतर प्लास्टिक के ग्लास, प्लेट, चम्मच और पॉलिथीन बैग जैसे सिंगल यूज प्लास्टिक और थमोकोल की वस्तुओं पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह फैसला 2 अक्टूबर, 2019 को लिया गया था। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी ने गुरु नानक देव जी की 550वीं जयंती के उपलक्ष्य में दिल्ली के सबसे बड़े सिख धार्मिक स्थल गुरुद्वारा बंगला साहिब में इसे लागू करने का फैसला लिया था। कमिटी के प्रेसिडेंट मनजिंदर सिंह सिरसा ने जानकारी देते हुए बताया था कि गुरुद्वारा परिसर को दिल्ली के सबसे हरित परिसर के रूप में विकसित करने का फैसला किया गया है। गुरुद्वारा परिसर में सिंगल यूज प्लास्टिक की प्लेट, गिलास, चम्मच, थर्मोकॉल कप



और प्लास्टिक थालियों को दो अक्टूबर से बैन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अब श्रद्धालुओं को स्टील की थालियों में प्रसाद और पानी स्टील ग्लास में दिया जा रहा है। अगर आप दर्शन के लिए गुरुद्वारा बंगला साहिब जा रहे हैं, तो प्लास्टिक बैन के बारे में जरूर याद रखें।

आप सुबह 05 बजे से लेकर रात के 12 बजे तक गुरुद्वारा बंगला साहिब में दर्शन के लिए आ सकते हैं। दिल्ली पहुंचने के बाद आप बंगला साहिब जा सकते हैं। गुरुद्वारा दिल्ली के कनॉट प्लेस पर स्थित है। यह गोल डाक खाना के पास है। यहां का नजदीकी मेट्रो स्टेशन राजीव चौक मेट्रो स्टेशन या पटेल चौक मेट्रो स्टेशन है। आप शिवाजी स्टेडियम स्टेशन से एयरपोर्ट एक्सप्रेस मेट्रो भी ले सकते हैं।

# मैं चाहता हूं कि विराट बड़े टूर्नमेंट जीतने पर ध्यान लगाएं: गांगुली

**कोलकाता।** बीसीसीआई का अध्यक्ष पद संभालने को तैयार भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरभ गांगुली ने मंगलवार को कहा कि वह चाहते हैं कि भारतीय टीम प्रबंधन आने वाले समय में बडे.आईसीसी आयोजनों में जीत हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करें।

गांगुली ने कहा कि वह चाहते हैं कि कप्तान विराट कोहली इस दिशा में गम्भीरता से सोचें। मुम्बई में नामांकन दाखिल करने के बाद कोलकाता पहुंचे गांगुली ने यहां ईडन गार्डन्स स्टेडियम में संवाददाताओं से कहा, हमें अब बड़े टूर्नमेंट्स जीतने पर ध्यान लगाना होगा। मैं जानता हूं कि ये लोग हर टूर्नमेंट नहीं जीत सकते लेकिन यह भी सच है कि इन लोगों ने कई टूर्नमेंट में नाकामी भी झेली है। गांगुली ने कहा कि आज की टीम उनके समय की टीम से काफी बेहतर है क्योंकि समय के साथ टीम मानसिक रूप से ताकतवर हुई है। बकौल सीएबी प्रमुख, इस



समय प्रतिभा की कोई कमी नहीं। हम विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचे लेकिन खिताब तक नहीं पहुंच सके। विराट को इस दिशा में गम्भीरता से सोचना होगा। और यह काम बोर्डरूम में नहीं हो सकता।

भारत ने अपना आखिरी आईसीसी टूर्नमेंट महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में 2013 में जीता था। इंग्लैंड में भारत ने 50 ओवर का चैंपियंस ट्रॉफी खिताब अपने नाम किया था। कोहली की कप्तानी में भारत इस साल इंग्लैंड में आयोजित आईसीसी विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा और हार गया।

# तोक्यो ओलिंपिक क्वॉलिफायर्स में बगैर सिलेक्शन ट्रायल के उतर सकती हैं मेरी कॉम

**नई दिल्ली।** तोक्यो ओलिंपिक क्वॉलिफायर्स चीन के वुहान में 3 फरवरी से 14 फरवरी तक होना है। इस टूर्नमेंट में एमसी मेरी कॉम बगैर ट्रायल के 51 किग्रा वर्ग में हिस्सा लेती नजर आ सकती हैं। बॉक्सिंग फेडरेशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने मंगलवार को सुझाव दिया है कि 51 किग्रा वेट कैटिगरी में एमसी मेरी कॉम और निखहत जरीन के बीच सिलेक्शन ट्रायल नहीं हो सकता है। इस तरह 36 वर्षीय मणिपुरी दिग्गज बॉक्सर क्वॉलिफायर्स के लिए बीएफआई की फेवरिट होंगी।

अगस्त महीने में उस वक्त विवाद सामने आया था जब बॉक्सिंग फेडरेशन ने वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए निखहत जरीन को मेरी कॉम के खिलाफ नहीं उतरने या था और मेरी को सीधे वर्ल्ड चैंपियनशिप का टिकट थमा दिया था। सिंह ने हाल ही में रूस के उलान-उडे में महिला विश्व चैंपियनशिप के पदक



विजेताओं के लिए एक समारोह के मौके पर जानकारी दी कि महिला वर्ग में बीएफआई के चयन नियम का 'पुनर्विचार' हो सकता है। दरअसल, वर्ल्ड बॉक्सिंग में गोल्ड और सिल्वर मेडल विजेता वुहान क्वॉलिफायर के लिए स्वतः क्वॉलिफाइ होंगे।

हाल ही में खत्म हुई वर्ल्ड चैंपियनशिप में लवलिना ने 69 किग्रा और मेरी कॉम ने 51 किग्रा वेट कैटिगरी में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया था। ये दोनों ही भारवर्ग ओलिंपिक में है।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला टी20 टीम को पुरुष टीम के बराबर इनामी राशि

**सिडनी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को कहा कि अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिए वह महिला टीम की इनामी राशि को बढ़ाकर पुरुष टीम के बराबर करेगा। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने अगले साल से महिला प्रतियोगिताओं की पुरस्कार राशि में 320 प्रतिशत की बढ़ोतरी का फैसला भी किया था।



ऑस्ट्रेलिया में 2020 में होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के विजेता को अब दस लाख डॉलर और उप विजेता को पांच लाख डॉलर की राशि मिलेगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि वह महिला टीम के लिए अतिरिक्त राशि जारी करेगा जिससे वह पुरुषों को मिलने वाले पुरस्कार राशि के बराबर हो पाए।

अगर महिला टीम अगले साल विश्व कप जीतती है तो ऑस्ट्रेलियाई बोर्ड उसे अतिरिक्त छह लाख डालर देगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष केविन रॉबर्ट्स ने एक बयान में कहा, हम अपनी उस प्रतिबद्धता को पूरा कर रहे है जिसमें टी20 विश्व कप जीतने पर महिला टीम को पुरुष टीम के बराबर पुरस्कार राशि देना शामिल है।

उन्होंने कहा, इसमें कोई शक नहीं कि हम अपने प्रतिभाशाली क्रिकेटरों के वित्तीय मामले को मजबूत करना चाहते है। इसमें हमें लंबा सफर तय करना है और हम अपने खिलाड़ियों के बीच के लैंगिग भेदभाव को खत्म करने में अपनी भूमिका निभाएंगे।

# क्रिस गेल और ये दिग्गज खिलाड़ी हुए वेस्टइंडीज टीम से बाहर, अब गेल का खेल खत्म!

**जमैका।** वेस्टइंडीज की टीम से क्रिस गेल समेत कई खिलाड़ियों की छुट्टी हो गई है। वेस्टइंडीज की टीम भारत आ रही है। भारत में वेस्टइंडीज की टीम पहले अफगानिस्तान के खिलाफ तीनों फॉर्मेट की सीरीज खेलेगी, उसके बाद भारत से कैरेबियाई टीम को वनडे और टी20 इंटरनेशनल सीरीज खेलनी है। उधर, वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली तीनों फॉर्मेट की सीरीज के लिए टीम का ऐलान कर दिया है।

वेस्टइंडीज की टीम से सलामी तूफानी बल्लेबाज क्रिस गेल, धाकड़ ऑलराउंडर आंद्रे रसेल और शेनन गैब्रियल की छुट्टी हो गई है। इन तीनों खिलाड़ियों को किसी



भी टीम का हिस्सा नहीं बनाया गया है। ऐसे में साफ कह सकते हैं कि क्रिस गेल का खेल समाप्त हो गया है। कई बार संन्यास से मुकरने वाले क्रिस गेल अब शायद ही इंटरनेशनल क्रिकेट में नजर आएं, क्योंकि टेस्ट क्रिकेट से पहले ही वे बाहर चल रहे थे और भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के आखिरी मैच में उनको विदाई मिली थी, लेकिन एक बयान में उन्होंने कहा था कि वे आगे भी क्रिकेट खेल सकते हैं।

इसके अलावा कैरेबियन प्रीमियर लीग में तूफानी बल्लेबाजी कर शतक ठोकने के साथ-साथ कई और धमाकेदार पारियां खेलने वाले ब्रैंडन किंग को टी20 और वनडे टीम में जगह मिली है। ब्रैंडन किंग के अलावा तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ को भी टीम में जगह मिली है, जो इससे पहले टेस्ट और वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में टीम के प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। साथ ही हेडन वाल्श की भी वापसी टीम में हुई है।

# भारतीय फुटबाल टीम ने सैफ अंडर-15 महिला चैंपियनशिप जीती

**थिम्पू।** भारत ने मंगलवार को यहां बांग्लादेश को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराकर सैफ अंडर-15 महिला फुटबाल चैंपियनशिप का खिताब जीता। दोनों टीमें नियमित समय में गोल नहीं कर पायी। भारतीय टीम ने शुरू से आक्रामक रवैया अपनाया



जबकि बांग्लादेश ने जवाबी हमले किये लेकिन कोई भी गोल करने में सफल नहीं हो पायी। पेनल्टी शूटआउट में भारतीय गोलकीपर आद्रिजा सरखेल ने बांग्लादेश का पहला शाट बचा दिया। भारतीय कप्तान शिल्की देवी ने अंतिम पेनल्टी पर गोल करके भारत को जीत दिलायी।

# दोहा में निराशाजनक प्रदर्शन के लिए दुती चंद ने गर्मी को ठहराया जिम्मेदार, बोली- अब ओलिंपिक पर ध्यान

**नई दिल्ली।** रांची में 200 मीटर की दौड़ में गोल्ड मेडल हासिल करने और अपना ही रेकॉर्ड तोड़ने के बाद फर्राटेदार धाविका दुती चंद की निगाहें तोक्यो ओलिंपिक के लिए क्वालिफाइ करने पर है। रांची में सेमीफाइनल के दौरान दुती चंद ने 11.22 सेकंड में 100 मीटर की दौड़ पूरी की हालांकि ओलिंपिक क्वालिफिकेशन मार्क 11.15 है। हालांकि दोहा में विश्व ऐथलेटिक्स चैंपियनशिप में 100 मीटर के हीट-3 में वह सातवें स्थान पर थीं और वह सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाइ नहीं कर पाई थीं। इसमे उन्होंने 11.48 सेकंड का समय निकाला। दुती चंद ने अपने प्रदर्शन के लिए गर्मी को जिम्मेदार ठहराया है।

अब 2019 में ओलिंपिक क्वालिफाइ के लिए कोई टूर्नमेंट नहीं बचा है। इसलिए दुती को अब 2020 के किसी टूर्नमेंट के लिए जमकर तैयारी करने होगी। तोक्यो 2020 ओलिंपिक जुलाई में शुरू होगा। ओडिशा की ऐथलीट ने कहा, 'रांची नैशनल्स में अपने 100 मीटर के रेकॉर्ड को लेकर खुश हूं। मैंने अपना नैशनल रेकॉर्ड तोड़ दिया है। मैंने सच में बहुत मेहनत की है। मेरा टारगेट 11.15 सेकंड का है जो कि ओलिंपिक का क्वालिफिकेशन मार्क है।'

दुती ने कहा, 'यह मामला कुछ माइक्रो सेकंड का होता है। ओलिंपिक में अभी 9-10 महीने बाकी हैं। इसलिए मेरा पूरा ध्यान तोक्यो ओलिंपिक के लिए क्वालिफाइ करने पर है। यह लक्ष्य हासिल करने के लिए मुझे वाकई में बहुत मेहनत करनी होगी। यह साल खत्म होने वाला है इसलिए मैं अगले साल के इंटरनेशनल कैलेंडर का वेट कर रही हूं।'

दूसरे कई ऐथलीट्स की तरह दुती को भी लगता है कि दोहा में गर्मी की वजह से उनकी टाइमिंग पर फर्क पड़ा।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# भंसाली की 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में आलिया

**बॉलिवुड** में हर ऐक्टर और ऐक्ट्रेस डायरेक्टर संजय लीला भंसाली के साथ काम करना चाहता है। इसी कड़ी में शामिल है आलिया भट्ट का भी नाम। खबर के मुताबिक जल्दी ही वह भंसाली की आने वाली फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में नजर आएंगी। बहरहाल उनके ऑपोजिट कौन से कलाकार होंगे, इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है। खबर के मुताबिक भंसाली की आने वाली यह फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' 11 सिंतबर 2020 को रिलीज होगी। आलिया इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। ऐक्टर के बारे में खबरें आ रही थीं कि कार्तिक आर्यन को लिया जा सकता है। लेकिन हाल ही में यह भी सुनने में आया कि कार्तिक संजय लीला भंसाली प्रॉडक्शन में काम जरूर करेंगे। लेकिन फिलहाल वह 'गंगूबाई काठियावाड़ी' का हिस्सा नहीं हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो आलिया अयान मुखर्जी के निर्देशन में बन रही फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' में नजर आएंगी।





# कटरीना ने लॉन्च किया अपना ब्यूटी ब्रैंड

**ऐक्ट्रेस** कटरीना कैफ बॉलिवुड की सबसे सफल ऐक्ट्रेसेस में से एक मानी जाती हैं। तमाम फिल्मों में काम करने के बाद अब उन्होने अपना ब्यूटी ब्रैंड लॉन्च कर दिया है। ब्यूटी लाइन का नाम 'के बाइ कटरीना' है। बुधवार को ऐक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर ब्यूटी लाइन की झलक एक विडियो के जरिए दिखाई। विडियो शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन दिया, यह फाइनली तैयार है। 22 अक्टूबर 2019 से आ रहा है। ऐक्ट्रेस ने बताया, मैंने दो साल पहले ब्यूटी लाइन का सपना देखा था। फाइनली इसे आपके साथ शेयर करके बेहद उत्साहित हूं। कटरीना जो कि आखिरी बार फिल्म 'भारत' में नजर आई थीं, ने कहा कि उन्होंने ऐसा ब्रैंड क्रिएट किया है जिस पर वह खुद विश्वास करती हैं।



# 'डॉन' की शूटिंग के वक्त फरहान अख्तर से डरती थीं प्रियंका



**ऐक्ट्रेस** प्रियंका चोपड़ा ने लगभग 3 साल के लंबे गैप के बाद बॉलिवुड फिल्मों में वापसी की है। हाल में उनकी फिल्म 'द स्काई इज पिंक' रिलीज हुई है और इसमें उनके साथ फरहान अख्तर दिखाई दे रहे हैं। वैसे यह पहला मौका नहीं है जबकि प्रियंका ने फरहान के साथ काम किया हो। इससे पहले वह फिल्म 'दिल धड़कने दो' में भी फरहान की को-स्टार थीं और इसके अलावा वह फरहान के डायरेक्शन में बनीं फिल्म 'डॉन' में भी काम कर चुकी हैं। एक हालिया इंटरव्यू में प्रियंका ने एक दिलचस्प बात बताई है। उन्होंने बताया कि फरहान से वह इतना डरती थीं कि उनसे बात तक नहीं कर पाती थीं। दरअसल प्रियंका उस समय इंडस्ट्री में केवल 2 साल पुरानी थीं दूसरी तरफ फरहान अख्तर 'दिल चाहता है' और 'लक्ष्य' जैसी बेहतरीन फिल्मों का डायरेक्शन कर चुके थे। प्रियंका ने फरहान को 'डॉन' में कास्ट किए जाने के लिए धन्यवाद भी दिया था। इस बीच बता दें कि शोनाली बोस के डायरेक्शन में बनीं फिल्म 'द स्काई इज पिंक' रिलीज हो चुकी है और इसे क्रिटिक्स का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। फिल्म में फरहान और प्रियंका के अलावा जायरा वसीम और रोहित सराफ मुख्य भूमिकाओं में हैं।